# राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय

**न्यू गजनेर रोड़, बीकानेर-334001 (राजस्थान)**

राष्ट्रीय शैक्षिक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् **(NAAC)** द्वारा B+ ग्रेड प्राप्त

hte.rajasthan.gov.in/college/ggcbikaner




# ADMISSION

# OPEN

## For 2024-25

## SEMESTER-I
## B.A.
## B.COM.
## B.SC.



## For Apply Online Application Form

→ **Click Here**

## Documents Required :

- **Jan Aadhar Card No./Ack No.**
- **SSO ID**
- **E-Mail ID**
- **Mobile No.**
- **Marksheets 10th & 12th**
- **Bank Account Details**
- **Passport Size Photo**
- **Caste Certificate**
- **Bonus Certificate (If Applicable)**
- **PH Certifiacte (If Applicable)**

### UG I Year (Semester-I) Admission Schedule

**ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम (सत्र 2024–25) स्नातक पार्ट प्रथम** (सेमेस्टर–I)

| क्र. सं. | विवरण | वार व तिथि |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि | सोमवार, 10.06.2024 |
| 2. | आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि | बुधवार, 19.06.2024 |
| 3. | महाविद्यालयों द्वारा आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अन्तिम तिथि | शनिवार, 22.06.2024 |
| 4. | (अ) अन्तिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन<br>(ब) अभ्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन एवं ई–मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि | सोमवार, 24.06.2024<br>गुरुवार, 27.06.2024 |
| 5. | प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन | शुक्रवार, 28.06.2024 |
| 6. | प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण एवं विपय आवंटन | शनिवार, 29.06.2024 |
| 7. | महाविद्यालय में स्नातक पार्ट प्रथम (सेमेस्टर–I) शिक्षण कार्य प्रारम्भ | सोमवार, 01.07.2024 |

### UG II, III Year & PG Final Admission Schedule

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर–III), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्व) का ऑनलाईन प्रवेश नवीनीकरण कार्यक्रम निम्न सारणी अनुसार रहेगाः–

| क.सं. | कार्य का विवरण | समयावधि |
|---|---|---|
| 1. | स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर–III), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्व) के लिए प्रवेश नवीनीकरण | 20.06.2024 से 19.07.2024 |
| 2. | स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर–III), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्व) के लिए ई–मित्र पर फीस जमा करवाना। | 20.06.2024 से 19.07.2024 |
| 3. | स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर–III), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्व) में अध्यापन कार्य। | 01.07.2024 से प्रारम्भ |

समस्त राजकीय महाविद्यालयों को स्नातक पार्ट द्वितीय (सेमेस्टर–III), स्नातक पार्ट तृतीय तथा स्नातकोत्तर (उत्तरार्द्व) के लिए पूर्णतः अस्थाई प्रवेश नवीनीकरण प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। इसके अन्तर्गत समस्त स्नातक पार्ट प्रथम(सेमेस्टर–I), स्नातक पार्ट द्वितीय तथा स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्व) के प्रवेशित विद्यार्थियों को अगली कक्षा में क्रमोन्नत करने की ऑनलाईन प्रकिया पूर्ण करनी होगी एवं इसे महाविद्यालय स्तर से पूर्ण करने के पश्चात विद्यार्थियों का डाटा ई–मित्र पर पोस्ट किया जायेगा। विद्यार्थियों को ई–मित्र के माध्यम से फीस जमा कराने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। फीस जमा कराने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा अपना जनआधार वेरिफाई करवाना आवश्यक होगा।

# राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

वर्तमान में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर से संबद्ध इस महाविद्यालय में नियमित अध्यापन हेतु निम्नलिखित संकाय एवं विषय उपलब्ध हैं –

## 1. कला संकाय (ARTS FACULTY)

**(अ) स्नातक पाठ्यक्रम (Graduation Programmes) :**

- हिन्दी साहित्य (Hindi Literature)
- संस्कृत साहित्य (Sanskrit Literature)
- अंग्रेजी साहित्य (English Literature)
- इतिहास (History)
- राजनीति विज्ञान (Political Science)
- अर्थशास्त्र (Economics)
- दर्शनशास्त्र (Philosophy)
- संगीत (कंठ) (Music Vocal)
- संगीत (वाद्य) (Music Instrumental)
- समाजशास्त्र (Sociology)
- लोक प्रशासन (Public Administration)
- गणित (Mathematics)
- गृह विज्ञान (Home Science)
- गारमेन्ट प्रोडक्शन एवं एक्सपोर्ट मैनेजमेंट (GPEM)
- उर्दू (Urdu)
- भूगोल (एसएफएस) (Geography) (SFS)
- ड्राइंग व पेंटिंग (एसएफएस) (Drawing & Painting) (SFS)

## 2. विज्ञान संकाय (SCIENCE FACULTY)

**(अ) स्नातक पाठ्यक्रम (Graduation Programmes) :**

- भौतिक शास्त्र (Physics)
- रसायन शास्त्र (Chemistry)
- वनस्पति शास्त्र (Botany)
- प्राणी शास्त्र (Zoology)
- गणित (Mathematics)

## 3. वाणिज्य संकाय (COMMERCE FACULTY)

**(अ) स्नातक पाठ्यक्रम (Graduation Programmes) :**

- व्यावसायिक प्रबन्धन (Business Management)
- लेखा एवं व्यावसायिक सांख्यिकी (Accounts and Business Statistics)
- आर्थिक प्रशासन एवं वित्तीय प्रबन्धन (Economic Administration and Financial Management)

**नोट :– सभी संकायों में स्नातक स्तर पर भाग प्रथम में निम्न सभी विषय लेना अनिवार्य है :**

- सामान्य हिन्दी (General Hindi)
- सामान्य अंग्रेजी (General English)
- पर्यावरण शिक्षा (Environmental Studies)

## कला संकाय : वैकल्पिक विषय संयोजन (ARTS : OPTIONAL SUBJECT COMBINATION)

| ग्रुप A | ग्रुप B | ग्रुप C | ग्रुप D |
|---|---|---|---|
| ▪ हिन्दी<br>▪ समाजशास्त्र | ▪ संस्कृत साहित्य<br>▪ अंग्रेजी साहित्य<br>▪ उर्दू<br>▪ गारमेन्ट प्रोडक्शन एवं एक्सपोर्ट मैनेजमेंट (GPEM)<br>▪ गृह विज्ञान | ▪ इतिहास<br>▪ राजनीति विज्ञान<br>▪ भूगोल (एसएफएस)<br>▪ गणित | ▪ लोक प्रशासन<br>▪ दर्शनशास्त्र<br>▪ अर्थशास्त्र<br>▪ चित्रकला (एसएफएस)<br>▪ संगीत–वाद्य<br>▪ संगीत–कंठ |

**उपरोक्त चार ग्रुपों में से अधिकतम एक विषय का चुनाव करते हुए कुल तीन विषय चयन करने है।**

### नोट :–

**कला संकाय :**

1. गारमेन्ट/गृह विज्ञान व संगीत में से दो विषय ही लिए जा सकते है।
2. हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य एवं संस्कृत साहित्य में से केवल दो ही विषय लिए जा सकते है।
3. किसी विषय में स्वीकृत स्थान पूर्ण हो जाने पर अभ्यर्थी को स्वयं द्वारा दिये गये वरीयता विषय/विषयों को स्वीकार करना आवश्यक होगा।
4. गणित तथा इतिहास विषय एक साथ नहीं लिया जा सकता।
5. भूगोल के साथ संगीत तथा ड्रांइग एवं पेटिंग विषय नही लिए जा सकते।
6. उर्दू के साथ गणित व हिन्दी साहित्य विषय नहीं लिए जा सकते।
7. दर्शनशास्त्र के साथ भूगोल नहीं ले सकते।
8. विषय परिवर्तन नियमानुसार स्थान रिक्त होने पर हो सकेगा।
9. संगीत में वाद्य अथवा कंठ, आवेदन पत्र में स्पष्ट लिखें।
10. गृह विज्ञान प्रायोगिक कक्षाओं में गैस व बर्तन विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाते है।

**विज्ञान संकाय :**

1. वैकल्पिक विषयों में जीव विज्ञान (Biology) या गणित ग्रुप लिया जा सकेगा।

**वाणिज्य संकाय :**

1. इस संकाय के सभी विषय लेने अनिवार्य होंगे।

**टिप्पणी :**

1. यदि कोई छात्रा स्ववित्तपोषित योजना (एसएफएस) के अंतर्गत विषय लेना चाहती है तो उसका शुल्क महाविद्यालय शुल्क के अतिरिक्त प्रति विषय देय होगा।
2. विषय सूची में संशोधन या परिवर्तन का अधिकार महाविद्यालय प्राचार्य को होगा, क्योंकि विश्वविद्यालय एवं निदेशालय समय–समय पर नियमों में परिवर्तन करते हैं। इस संदर्भ में कोई वाद मान्य नहीं होगा।
3. विश्वविद्यालय समकक्षता समिति के द्वारा दिनांक 04.01.10 के निर्णयानुसार सीनियर सैकण्डरी (कृषि) के विद्यार्थी बी.ए./बी.काम./बी.एस.सी. (जीव विज्ञान) में प्रवेश के पात्र होंगे।

## प्रवेश आवेदन प्रक्रिया (ADMISSION PROCESS)

सत्र 2024–25 में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश कॉलेज शिक्षा निदेशालय द्वारा निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के तहत होगा। राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय बीकानेर में स्नातक पार्ट प्रथम के लिए आनलाइन एडमिशन प्रोसेस कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा जारी कलेण्डर के अनुरूप किया जायेगा। विभागीय पोर्टल से ही अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु आनलाइन आवेदन किया जायेगा। इसके अंतर्गत छात्राओं को https://dceapp.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर जाना है। सत्र 2024–25 हेतु एकीकृत प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महाविद्यालय में बीए, बीएससी, बीकाम भाग प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करना है। महाविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कोर्स, विषय, विषय समूह फीस का विवरण, महाविद्यालय की विवरण प्रवेश हेतु सम्पर्क सूत्र, फोन न. एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं विभागीय वेबपोर्टल पर महाविद्यालय के वेबपेज पर देखी जा सकती है। आवेदन के समय आवेदक से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। अस्थाई प्रवेश सूची में नाम आने से पूर्व तक हार्ड कॉपी भी जमा नहीं की जायेगी। महाविद्यालय के स्नातक प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के सभी नियमित विद्यार्थी जो बीकानेर विश्वविद्यालय परीक्षा 2023 में प्रविष्ट हुए हैं उन्हें अगली कक्षा में बिना पुनः आवेदन पत्र प्रस्तुत किये महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश दे दिया जायेगा। ऐसे विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा जारी तिथि तक आवश्यक रूप से जमा करवाना होगा अन्यथा उनका प्रवेश निरस्त हो जायेगा। परीक्षा परिणाम घोषित न होने पर भी उनका अस्थाई प्रवेश होकर कक्षा अध्यापन शुरू हो जायेगा। अनुतीर्ण घोषित होने पर स्वतः निरस्त हो जायेगा। अनुतीर्ण छात्राएं जमा करवाई गई फीस को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई देय तिथि तक ही वापस प्राप्त कर सकती है।

प्रवेश प्रारंभ होने की तिथि से प्रवेश पूर्ण होने तक महाविद्यालय में हेल्पडेस्क सक्रिय रहेगी। एम.ए. पूर्वार्द्ध में प्रवेश सत्र 2024–25 ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया द्वारा होगें।

**महाविद्यालय में प्रवेश संबधित जानकारी हेतु निम्न से सम्पर्क किया जा सकता है :**

| संकाय | प्रभारी | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| प्रवेश नोडल अधिकारी (यूजी) | प्रो. अजन्ता गहलोत | 9460452927 |
| प्रवेश सह–नोडल अधिकारी (यूजी) | प्रो. मोनिका खेत्रपाल | 9214404081 |
| कला संकाय | प्रो. शशि वर्मा | 9414425959 |
| विज्ञान संकाय | प्रो. हनुमान मल देवड़ा | 9413105792 |
| वाणिज्य संकाय | डॉ. श्रीकांत व्यास | 9829850518 |

### हेल्प–ड़ेस्क (Help Desk)

| डॉ राधा सोलंकी | हिमांशु कांडपाल | श्रीमती सुनीता मोहता |
|---|---|---|
| 9024338174 | 9784728738 | 7737724453 |

**प्राचार्य**
**प्रो. नन्दिता सिंघवी**

# प्रथम सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) में ऑनलाइन आवेदन हेतु दिशा निर्देश

1. ऑनलाइन आवेदन हेतु राजस्थान के निवासियों के लिए जनआधार अनिवार्य है।

2. कक्षा 12वीं के बाद दो वर्ष से अधिक का अंतराल होने पर अभ्यर्थी प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर सकते है। महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों पर यह नियम लागू नहीं है।

3. दिव्यांग अभ्यर्थी को निःशक्तता प्रमाण पत्र (Unique Disability Identity Card UDID) को ऑनलाइन आवेदन के समय अपलोड करना होगा। उक्त प्रमाण पत्र जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी/पी.एम.ओ. जिला अस्पताल/मेडिकल कॉलेज द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त निर्धारित प्रारूप में जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

4. आरक्षित वर्ग (SC/ST/OBC/MBC) को नियमानुसार आरक्षण का लाभ लेने के लिए सक्षम स्तर से जारी प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।

5. OBC/ MBC का सक्षम स्तर से जारी नॉन क्रीमिलेयर का प्रमाण पत्र केवल एक वर्ष के लिए ही वैध है। यदि अभ्यर्थी आगामी वर्षों में भी नॉन क्रीमिलेयर की श्रेणी में ही है तो स्वप्रमाणित शपथ पत्र के साथ पूर्व में जारी प्रमाण पत्र को एक साथ संलग्न करके आरक्षण का लाभ ले सकते है। स्वप्रमाणित शपथ पत्र अधिकतम दो वर्षों के लिए ही मान्य होगा।

6. जिन अभ्यर्थियों के माता या पिता अथवा दोनों की एवं महिला अभ्यर्थी के पति की मृत्यु कोरोना से हो चुकी है, उन्हें महाविद्यालय में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक पर प्रवेश दिया जाएगा। ऐसे समस्त आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ सक्षम स्तर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

7. अभ्यर्थी के द्वारा विद्यालय स्तर पर गत तीन सत्रों में एवं NCC जूनियर डिविजन के मामले में गत पाँच सत्रों में अर्जित खेलकूद/सहशैक्षणिक गतिविधियों का बोनस अंक का लाभ आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की प्रवेश नीति 2024–25 के बिंदु क्रमांक 6.7.1 से 6.7.11 तक नियमानुसार प्रदान किया जाएगा एवं उक्त बोनस अंक का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी को प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन के साथ ही संलग्न करना होगा।

8. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के समय विषय संयोजन का चयन विशेष ध्यान से करें। विषय का आवंटन मेरिट एवं विषय में उपलब्ध सीटों के आधार पर होता है। प्रवेश के बाद विषय परिवर्तन करने पर अभ्यर्थी को निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा।

9. अभ्यर्थी द्वारा कूटरचित/जाली प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करने पर आवेदन को पत्र निरस्त कर दिया जाएगा एवं नियमानुसार अनुशासनात्मक/दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की प्रवेश नीति 2024–25 का अवलोकन करें अथवा महाविद्यालय में प्रवेश हेतु जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कार्यालय समय में सम्पर्क करें।

**एडमिशन की जानकारी हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट पर क्लिक करें : Click Here**

*राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय*
**बीकानेर (राजस्थान)**